हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शनिवार, 22 नवंबर, 2025

10 युवा महोत्सव से आत्मनिर्भरता और स्वदेशी का शंखनाद



10 श्रीकृष्ण ने मईया को करवाए ब्रह्मांड के दर्शन



## खबर संक्षेप

### बेरोजगारी भत्ते के लिए आवेदन 30 तक

**चरखी दादरी।** जिला रोजगार अधिकारी शशि शर्मा ने बताया कि रोजगार निदेशालय, हरियाणा द्वारा बेरोजगारी भत्ता योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। इच्छुक पात्र अभ्यर्थी 30 नवम्बर तक विभागीय वेबसाइट पर अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि योजना के अनुसार आवेदक हरियाणा राज्य का मूल निवासी होना चाहिए तथा उसके पास संबंधित जिले का रिहायशी प्रमाण पत्र एवं परिवार पहचान पत्र अनिवार्य रूप से होना चाहिए। निर्धारित तिथि 01 नवम्बर 2025 को आवेदक का रोजगार कार्यालय में पंजीकरण पूर्ण 03 वर्ष पुराना होना आवश्यक है। यदि आवेदक ने अपनी शैक्षणिक योग्यता को अद्यतन किया है, तो अद्यतन योग्यता की तिथि से भी 3 वर्ष पूर्ण होना अनिवार्य है।

### पंचायत समिति सिवानी के उपाध्यक्ष का चुनाव 2 को

**भिवानी।** जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी ने बताया कि हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन नियमावली 1994 की धारा 76 के प्रावधान व राज्य निर्वाचन आयोग हरियाणा पंचकूला की हिदायत अनुसार उपाध्यक्ष पंचायत समिति सिवानी के चुनाव हेतु बैठक आयोजित की जाएगी। यह बैठक 2 दिसंबर 2025 को प्रातः 11.00 बजे कार्यालय पंचायत समिति एवं खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी सिवानी में होगी। उन्होंने समस्त सदस्य पंचायत समिति सिवानी का आह्वान किया है कि वे निश्चित तिथि, समय व स्थान पर बैठक में भाग लें ताकि चुनाव प्रक्रिया अमल में लाई जा सके।

### 27 को होगी परिवेदना समिति की बैठक

**चरखी दादरी।** उपायुक्त डॉ. मुनीष नागपाल ने जानकारी देते हुए बताया कि 27 नवंबर को जिला कष्ट निवारण एवं परिवेदना समिति की बैठक का आयोजन किया जाएगा। प्रदेश के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा बैठक की अध्यक्षता करेंगे। उन्होंने बताया कि बैठक सुबह 9 बजे लघु सचिवालय के प्रथम तल स्थित सभागार में आयोजित की जाएगी। बैठक के दौरान समिति के समक्ष आई शिकायतों को सुनते हुए उनके तुरंत निपटान का प्रयास किया जाएगा । बैठक में कृषि मंत्री के समक्ष कुल 14 शिकायतें रखी जाएंगी, जिनमें 8 लंबित व 6 नई शिकायतें शामिल हैं।

# द्रोणाचार्य अवॉर्डी कैप्टन हवासिंह की तीसरी पीढ़ी बनी बॉक्सिंग वर्ल्ड कप चैंपियन

## बॉक्सिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप में मुक्केबाज नुपूर श्योराण ने जीता स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

■ 80 किग्रा भारवर्ग में उज्बेकिस्तान की मुक्केबाज को हराया

कैप्टन हवासिंह बॉक्सिंग अकादमी की महिला मुक्केबाज नुपूर श्योराण ने नोएडा में आयोजित बॉक्सिंग वर्ल्ड कप में अपनी प्रतिद्वंद्वी मुक्केबाज पर गोल्डन पंच जमाया और छोटी कांशी भिवानी का नाम पूरे देश व विश्व में चमकाने का काम किया है। द्रोणाचार्य अवॉर्डी कैप्टन हवासिंह श्योराण की पौत्री एवं भीम अवॉर्डी संजय श्योराण की पुत्री नुपूर श्योराण ने अपने प्रतिद्वंद्वी मुक्केबाजों पर मुक्कों की बौछार कर पूरे विश्व में भिवानी के मुक्के का दम दिखा दिया। नुपूर ने बॉक्सिंग वर्ल्ड कप के 80 किलोग्राम भारवर्ग में उज्बेकिस्तान की मुक्केबाज सोतिम्बोएवा आल्टिनोय को 3-2 के अंतर से हराकर स्वर्ण पदक जीता है। इस तरह कैप्टन हवासिंह की तीसरी पीढ़ी ने बॉक्सिंग वर्ल्ड कप चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया, जिससे खेल प्रेमियों में खुशी का माहौल है। नुपूर श्योराण भिवानी की युवा मुक्केबाज हैं, जो अपने पिता कोच संजय श्योराण के मार्गदर्शन में बॉक्सिंग के गुर सीखती आ रही है। नुपूर ने साबित भी कर दिया कि वे बॉक्सिंग के पुरोधा कहे जाने वाले अपने दादा द्रोणाचार्य अवॉर्डी कैप्टन हवासिंह श्योराण एवं पिता कोच संजय श्योराण की तरह से बॉक्सिंग में इतिहास रचने का काम कर रही हैं। नुपूर श्योराण के रूप में द्रोणाचार्य अवॉर्डी कैप्टन हवासिंह श्योराण की तीसरी पीढ़ी बॉक्सिंग वर्ल्ड चैंपियन बनीं है, जो अपने आप में एक इतिहास है।





**भिवानी।** बॉक्सिंग वर्ल्ड कप में नुपूर श्योराण के स्वर्ण पदक जीतने पर खुशी मनाते कैप्टन हवा सिंह बॉक्सिंग अकादमी के पदाधिकारी व अपने पिता कोच संजय श्योराण व मां के साथ बॉक्सिंग वर्ल्ड कप में स्वर्ण पदक जीतने वाली नुपूर श्योराण।

### पूजा रानी ने रजत पदक जीता

कैप्टन हवासिंह बॉक्सिंग अकादमी की दूसरी महिला मुक्केबाज पूजा रानी ने 80 किलोग्राम भारवर्ग में रजत पदक प्राप्त किया है। इस अवसर पर अकादमी के अध्यक्ष डॉ. एलबी गुप्ता व महासचिव प्रीतम दलाल ने पदक विजेता खिलाड़ी नुपूर श्योराण व पूजा रानी तथा उनके कोच संजय श्योराण को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि दोनों महिला मुक्केबाजों का प्रदर्शन सराहनीय है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में वर्ल्ड चैंपियनशिप में रजत पदक, वर्ल्ड कप में स्वर्ण पदक प्राप्त किया था। उन्हें उम्मीद है कि भविष्य में भी उनका प्रदर्शन जारी रहेगा।

### नुपूर श्योराण के नाम कई पदक

नुपूर श्योराण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वर्ष 2025 में ही इंग्लैंड में हुई बॉक्सिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप में रजत पदक, वर्ष 2025 में कजाकिस्तान में वर्ल्ड बॉक्सिंग कप में गोल्ड मेडल, वर्ष 2025 में ग्रेटर नोएडा में वर्ल्ड बॉक्सिंग कप में गोल्ड, वर्ष 2024 में रसिया में ब्रिक्स गेम्स में कांस्य पदक जीता था। वहीं वर्ष 2023 में दिल्ली में हुई आईबीए वूमन बॉक्सिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में प्रतिभागी की थी। वहीं आठवीं इलाट वूमन नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में गोल्ड, सातवीं इलाट वूमन नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में गोल्ड, छठी इलाट वूमन नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में गोल्ड, चौथी इलाट वूमन नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में गोल्ड तथा यूथ नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीत चुकी हैं।



नुपूर श्योराण ने अपनी जीत का श्रेय पिता व कोच को दिया

## दुकानों में लाइसेंस न होने, मिसब्रांड व सबस्टैंडर्ड सामान मिलने पर सुनवाई

# दुकानों में अनियमितता साबित होने पर लगाया 8.98 लाख का जुर्माना

खाद्य वस्तुओं पर किसी भी प्रकार की शिकायत पर नागरिक जिला खाद्य एवं औषधि सुरक्षा विभाग को दें शिकायत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

एडीसी दीपक बाबूलाल करवा ने लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में खाद्य पदार्थों के मिसब्रांडेड, सबस्टैंडर्ड, लाइसेंस व रजिस्ट्रेशन से संबंधित केसों की सुनवाई की। एडीसी ने विभिन्न केसों में सुनवाई करके मिसब्रांडेड, सबस्टैंडर्ड, बिना लाइसेंस व बिना पंजीकरण के खाद्य पदार्थ बेचने वालों पर लगभग 8 लाख 98 हजार का जुर्माना लगाया। एडीसी ने संबंधित विक्रेताओं को भविष्य में रजिस्ट्रेशन व लाइसेंस समय अनुसार नवीनीकरण करवाने की चेतावनी दी। इस दौरान एडीसी ने आमजन से आह्वान किया है कि यदि कोई खाद्य पदार्थ बनाने, बेचने, मेन्युफैक्चरिंग, स्टोर करने, पैकिंग करने व आयात-निर्यात, समान अवमानक और समान पर मानक अंकित नहीं पाया जाता है तो इसकी सूचना जिला खाद्य एवं औषधि सुरक्षा विभाग को दें। उन्होंने दुकानदारों से कहा कि वे जुर्माना होने पर कार्यालय द्वारा जारी आदेश प्राप्त होने उपरांत ही अपना चालान कटवाकर बैंक में पैसे जमा करवाएं। अन्य किसी भी व्यक्ति को पैसे न दें। अगर कोई रजिस्ट्रेशन या लाइसेंस व फूड सेफ्टी ऑफिसर के नाम से पैसे मांगे तो किसी को भी न दें तथा इसकी शिकायत तुरंत अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय और फूड सेफ्टी ऑफिसर को दें। इसके साथ ही शिकायत में अपना नाम, मोबाइल नंबर तथा ईमेल आईडी भी नोट करवाएं। केसों की सुनवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. पुनीत शर्मा मौजूद रहे।

### नियमों की अनदेखी पर इन्हें मिला दंड

दादरी गेट स्थित सतगुरु स्वीट्स पर बिना पंजीकरण के दुकान चलाने पर चार हजार 999 रुपये का जुर्माना लगाया है। जमालपुर बस स्टैंड पर बीकानेर मिष्ठान भंडार व मुंढाल स्थित सतगुरु ढाबा पर बिना पंजीकरण के लिए 1999-1999 रुपये, मुढ़ाल के जय श्री राम फैमली ढाबा पर मिसब्रांडेड के लिए 19 हजार 999 रुपये, देवराला स्थित शिव ट्रेडिंग कंपनी पर सबस्टैंडर्ड के उल्लंघन पर 9 हजार 999, मेन चौक तोशाम स्थित विशाल बीडी स्टोर एंड जनरल स्टोर पर बिना लाइसेंस के होने पर चार हजार 999 रुपये, लोहारू स्थित कटारिया मिल्क एजेंसी पर सबस्टैंर्ड के लिए 19 हजार 999, सिवानी की वीर तेजा जी गुरु जंभेश्वर घी भंडार पर सबस्टैंडर्ड के लिए 34 हजार 999, भिवानी की पैरा मीलिट्री अर्धसैनिक कैंटीन पर मिसब्रांडेड के लिए 39 हजार 999, बाग कोठी भिवानी में स्थित गुरुकृपा ट्रेडर पर मिसब्रांडेड के लिए 59 हजार 999 पर जुर्माना लगाया।

### इन दुकानों पर भी लगाया जुर्माना

सिवानी की सोनू किराना सटोर पर बिना पंजीकरण के लिए एक हजार 999, दादरी गेट के शांति नगर की रुचि किराना स्टोर पर बिना लाइसेंस काम करने पर 4 हजार 999 व मिसब्रांडेड के लिए 19 हजार 999, मिलकपुर के धनखड़ किराना स्टोर पर बिना लाइसेंस काम करने के लिए 4 हजार 999, हिसार के खरखड़ा की अनाया हेल्दी किचन पर मिसब्रांडेड के लिए 19 हजार 999 व सबस्टैंडर्ड के लिए 39 हजार 999, बरवाला रोड हिसार की जय हिंद फूड प्रोडेक्ट पर मिसब्रांडेड के लिए 19 हजार 999 व सबस्टैंडर्ड के लिए 39 हजार 999, भिवानी की बंसल ट्रेडर कंपनी पर मिसब्रांडेड के लिए 69 हजार 999, मुंढाल खुर्द के रोहिला किराना सटोर पर मिसब्रांडेड के लिए 19 हजार 999 व बरवाला रोड हिसार की जैन हिंद फूड प्रोडेक्ट पर सबस्टैंडर्ड के लिए 39 हजार 999, हिसार के गांव खांडाखेड़ी के रोहिला किराना स्टोर पर मिसब्रांडेड के लिए 29 हजार 999 , चरखी दादरी की जोरका बाजार प्रा.लि. पर मिसब्रांडेड के लिए 39 हजार 999 रुपये जुर्माना लगाया है।

### फूड सबस्टैंडर्ड मिलने पर जुर्माना लगाया

भिवानी के सिधि विनायक मिल्क एंड फूड पर सबस्टैंडर्ड के लिए 49 हजार 999, सिवानी के सोनू किराना स्टोर पर मिसब्रांडेड के लिए 29 हजार 999, सिवानी मंडी में हुक्म चंद विनोद कुमार पर सबस्टैंडर्ड के लिए 39 हजार 999, मिलकपुर के धनखड़ किराना स्टोर पर मिसब्रांडेड के लिए 19 हजार 999 व हिसार की संध्या ट्रेडिंग पर मिसब्रांडेड के लिए 39 हजार 999, रोहतक के सोनू राजपूत बनियानी पनीर एंड खोवा वाला पर सबस्टैंडर्ड के लिए 19 हजार 999, जींद की बाबा फूड प्रोडक्ट पर मिसब्रांडेड के लिए 29 हजार 999 तथा बवानीखेड़ा से हेमंत किरयाणा स्टोर एंड तायल ट्रेडिंग कंपनी पर पंजीकरण व सबस्टैंडर्ड का उल्लंघन करने पर 1999 व 39 हजार 999 रुपये का जुर्माना लगाया है।

## सिवानी में मध्यप्रदेश का युवक पकड़ा

# अफीम सप्लाई करने आए एक सप्लायर को किया गिरफ्तार

■ आरोपी से करीब 3 लाख रुपये कीमत की 1 किलो 146 ग्राम अफीम को किया बरामद

**भिवानी।** पुलिस की स्पेशल स्टाफ ईशरवाल की टीम ने सिवानी से मादक पदार्थ अफीम सप्लाई करने आए एक सप्लायर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी के कब्जे से एक किलो 146 ग्राम अफीम बरामद की है।

स्पेशल स्टाफ ईशरवाल के सहायक उप निरीक्षक जोगिंदर सिंह अपनी टीम के साथ तोशाम रोड सिवानी मौजूद थे। सूचना प्राप्त हुई कि रेलवे स्टेशन सिवानी से युवक थैले में मादक पदार्थ लेकर पुराना बस स्टैंड सिवानी आएगा। पुराना बस स्टैंड सिवानी से एक व्यक्ति को मादक पदार्थ अफीम के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान ईश्वर पुत्र मांगेलाल निवासी जमुनिया थाना सवासरा जिला मंदसौर मध्य प्रदेश के रूप में हुई है। पुलिस टीम के द्वारा आरोपी से 1 किलो 146 ग्राम अफीम को बरामद किया गया है।

# शराब कारोबारी से मारपीट करके रुपये छीनने का आरोपी काबू



**भिवानी।** शराब कारोबारी से मारपीट करने का आरोपी पुलिस हिरासत में।

**भिवानी।** सीआईए स्टाफ प्रथम भिवानी की टीम ने एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जोगिंदर निवासी भिवानी ने थाना सिविल लाइन पुलिस को एक शिकायत दर्ज करवाई थी कि 14 मई को उनका पार्टनर राजेश कैश लेकर अपने घर गया था। घर पर पहुंचते ही एक बोलेरो कैंपर गाड़ी में कुछ व्यक्ति आए, जिन्होंने राजेश के साथ मारपीट करके कैश छीन लिया। सीआईए स्टाफ प्रथम भिवानी के उप निरीक्षक अशोक कुमार ने शराब व्यापारी के साथ मारपीट करके रुपये छीनने के मामले में एक आरोपी को न्यायालय से प्रोडक्शन वारंट हासिल कर गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रामपाल उर्फ बाबा उर्फ हरिंदर पुत्र नसीब निवासी मालवी जुलाना जिला जींद के रूप में हुई है।



**भिवानी।** आयोजित धरने का संबोधित करते एक वक्ता। फोटो : हरिभूमि

## पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन गरजी

# कर्मचारी आंदोलन के चलते 24 को बातचीत का न्योता

■ 24 नवंबर को मांगें नहीं मानी तो 25 से फिर होगा धरना शुरू : सोमबीर पालुवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन के धरने के आगे प्रशासन को झुकना पड़ा। कर्मचारियों की एकता के चलते अधिकारी ने कर्मचारियों की मांगों को पूरा करने के लिए बातचीत का न्योता भेजा। अधिकारी के निमंत्रण के बाद कर्मचारियों ने धरनास्थल पर मंथन किया और धरना खतम करने का ऐलान कर दिया। हालांकि कर्मचारियों ने कार्यकारी अभियंता से 24 नवम्बर को बातचीत होने की कही,लेकिन अगर उस दिन उनकी मांग पूरी नहीं होती तो वे उसी दिन से धरना शुरू करेंगे।

### धरना दूसरे दिन हटा

हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन की आईबी जुई सिविल ब्रांच और आईबी सोरखी ब्रांच का बड़ चौक स्थित सिंचाई भवन कार्यालय के समक्ष जारी संयुक्त धरना शुक्रवार को दूसरे दिन समाप्त हो गया। धरने की अध्यक्षता आईबी जुई ब्रांच प्रधान मोहित कौशिक व आईबी सोरखी ब्रांच प्रधान प्रमोद राठी ने की। धरने का संचालन आईबी जुई ब्रांच सचिव जोगेंद्र मास्टर व आईबी सोरखी ब्रांच सचिव नीरज ने किया। मुख्य वक्ता के रूप में राज्य सह सचिव संदीप सौरखी व जिला सचिव सोमबीर पालवास पहुंचे। इस अवसर पर जिला प्रधान अनिल बगड़ी, उप प्रधान रामशरण कुंडिया, सह सचिव सुरेंद्र प्रजापति, अनूप कोटिया, जोगिंदर मास्टर, रामकिशन फौजी मौजूद रहे।

# दवा विक्रेता से एक करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने का आरोपी काबू



**भिवानी।** रंगदारी मांगने का आरोपी।

**भिवानी।** थाना शहर पुलिस भिवानी ने दवा विक्रेता से एक करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। भिवानी निवासी एक दवा विक्रेता ने थाना शहर पुलिस भिवानी को एक शिकायत दर्ज करवाई थी कि 13 नवम्बर को विदेशी नंबर से एक कॉल आई थी। उसने गिरोह का सदस्य बताकर एक करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी थी। पुलिस चौकी दिनोद गेट के इंचार्ज उप निरीक्षक दशरथ सिंह ने मामले में एक आरोपी को न्यायालय से प्रोडक्शन वारंट पर लिया। गिरफ्तार किए आरोपी की पहचान साहिल पुत्र रमेश निवासी वीरवान पाना जैन चौक भिवानी के रूप में हुई है। पुलिस टीम ने उसे 4 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया।

15 वर्ष सेना में देश सेवा के बाद अब पढ़ाई के क्षेत्र में भी पा रहे खास मुकाम

# पूर्व सैनिक अमित ने एमडीयू व केयू की पीएचडी प्रवेश परीक्षा की क्वालीफाई



एमडीयू व केयू की पीएचडी प्रवेश परीक्षा पास करने वाले पूर्व सैनिक अमित सोनी।

**भिवानी।** गांव बापौड़ा के भूतपूर्व सैनिक अमित सोनी ने अपनी अथक परिश्रम, अदम्य इच्छाशक्ति और असाधारण लगन से मिसाल पेश की है। पूर्व सैनिक अमित सोनी ने हाल ही में हरियाणा की एमडीयू रोहतक और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के पीएचडी प्रवेश में पहले ही प्रयास में एक साथ चयन प्राप्त कर सबको चौंका दिया है। उनकी सबसे उल्लेखनीय उपलब्धि ये रही कि एमडीयू रोहतक के पीएचडी साक्षात्कार में उन्होंने पूरे विभाग में तीसरा स्थान हासिल किया।

अमित 17 साल की उम्र में सेना में भर्ती हो गए थे, जिस कारण उन्हें नियमित कॉलेज जाने का अवसर नहीं मिला, लेकिन उन्होंने 15 साल की सैन्य सेवा के दौरान एक भी वर्ष ऐसा नहीं छोड़ा, जिसमें उन्होंने कोई शैक्षणिक डिग्री अर्जित न की हो। उन्होंने सेना में रहते हुए दूरस्थ शिक्षा और कठोर अध्ययन के माध्यम से बीएससी, बीए, बीएलआईएस, बीएड, पीजीडीईटी, आईटी डिप्लोमा जैसी कई डिग्रियां प्राप्त कीं। इसका चरम बिंदु गोल्ड मेडल के साथ एमएससी ज्योग्राफी की पढ़ाई पूरी करना रहा। अमित ने यूजीसी-एनईटी में भी श्रेष्ठ प्रदर्शन किया और तीन बार पूरे भारत में शीर्ष रैंक श्रेणी में स्थान पाया। उन्होंने केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा के दोनों लेवल, हरियाणा शिक्षक पात्रता परीक्षा के तीनों लेवल की परीक्षाओं को भी पहले ही प्रयास में उत्तीर्ण किया।

**जागरुकता** शिक्षा सत्र 2026 से स्कूलों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की पढ़ाई भी होगी

डीसी डॉ. मुनीश के मार्गदर्शन में पहल

# अब सरकारी स्कूलों में बच्चों को मिलेगी एआई ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

जिले के सरकारी स्कूलों में एक नया प्रयोग शुरू किया गया है। इसके लिए जिला के स्कूलों में एआई यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। हरियाणा सरकार के निर्देशों के अनुसार अगले शिक्षा सत्र 2026 से स्कूलों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की पढ़ाई भी शुरू होने जा रही है। उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल के मार्गदर्शन में जिला में निर्धारित समय से पहले ही इसको अमलीजामा पहनाने का जिम्मा एसडीएम योगेश सैनी को दिया गया है।



**चरखी दादरी।** बच्चों की एआई की ट्रेनिंग देते ट्रेनर। फोटो : हरिभूमि

**कंप्यूटर शिक्षक वाले 8 स्कूलों को चुनाः** इस प्रयोग की पठकथा की शुरुआत पिछले महीने की 24 अक्टूबर को हुई, जब उपायुक्त के निर्देश पर एसडीएम ने इस ट्रेनिंग को लेकर शिक्षा विभाग के साथ मंथन किया और इस काम को सिरे चढ़ाने की संभावनाओं को तलाशा। एसडीएम ने शिक्षा विभाग के माध्यम से जिले के उन 8 स्कूलों को चुना, जहां कंप्यूटर विषय के शिक्षक कार्यरत हैं। फिर उनके साथ बैठक करके उनको कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी दी गई और इस काम को शुरू किया गया। सरकार के शिक्षा विभाग ने इसे चरणबद्ध तरीके से लागू करने की योजना बनाई है। लेकिन फिर भी जिला में इसकी शुरुआत पहले ही कर दी गई है। संबंधित शिक्षिकों ने रुचि एवं ज्ञान के आधार पर छठी से नौवीं कक्षा से 10-10 बच्चों को चुना है। इन बच्चों को दिसंबर अंत तक एआई की ट्रेनिंग दी जाएगी। इस दौरान बच्चों को सिखाया जाएगा कि एआई किस प्रकार से प्रयोग करना है और उसके क्या फायदे हैं।

### प्रशिक्षण के लिए इन स्कूलों को चुना

इसमें उन आठ स्कूलों का चयन किया है, जहां पहले से कंप्यूटर प्रवक्ता हैं। इनमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय काकडौली सरदारा, पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बौंद कलां, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बिरही कलां, पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छपार, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अटेला खुर्द, पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कलियाणा, पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चरखी दादरी और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नौरंगाबास राजपुतान शामिल हैं।

### एआई उपयोग से मिलेंगे कई तरह के लाभ

एआई के माध्यम से सिस्टम कार्यों को तेजी से और अधिक सटीकता के साथ पूरा कर सकते हैं, जिससे समग्र उत्पादकता बढ़ती है और लागत कम होती है। जटिल और दोहराए जाने वाले कार्यों को एआई के माध्यम से स्वचालित किया जा सकता है, जिससे मानव संसाधन अधिक रचनात्मक और महत्वपूर्ण कार्यों पर ध्यान केंद्रित कर पाते हैं। डेटा का विश्लेषण करके गहरे पैटर्न और अंतर्दृष्टि प्रदान करता है, जिससे व्यापार और अन्य क्षेत्रों में अधिक सटीक और डेटा-आधारित निर्णय लेने में मदद मिलती है।



# हेलेन का जन्मदिन मनाने एकजुट हुआ खान परिवार

**मुंबई।** सलमान खान के परिवार में एक बार फिर खुशियों का दिन लौट चुका है। उनकी दूसरी मां हेलेन ने शुक्रवार को अपना जन्मदिन मनाया। ऐसे में पूरा खान परिवार एक बार फिर खास दिन को सेलिब्रेट करने के लिए एक साथ आया। हेलेन के जन्मदिन को खास मनाने के लिए कई सितारे पहुंचे। एवरग्रीन एक्ट्रेस रेखा भी हेलेन के इस खान दिन को और खास बनाने के लिए पहुंची हैं। इसके अलावा सलमान की मां सलमा खान को भी यहां देखा गया। अभिनेत्री के जन्मदिन के लिए कई सेलेब्स पार्टी में पहुंचे। लेखक और सलमान खान के पिता सलीम खान भी नजर आए। सलमान खान की मां सलमा खान भी अलग से इस पार्टी में पहुंचीं। सलमा का पार्टी में पहुंचना ये साफ दिखाता है कि उनके और हेलेन के बीच कितना प्यार है।



## लाइफ Style

# रकुल

## अजय के साथ दोस्ती का रिश्ता नहीं रख सकती

रकुल प्रीत सिंह हाल ही में अजय देवगन के साथ फिल्म 'दे दे प्यार दे 2' में नजर आईं। बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म ठीक-ठाक कमाई कर रही है। हाल ही में उन्होंने खुलासा किया है कि वह इंडस्ट्री में नई नहीं हैं, इसके बावजूद उन्हें अजय देवगन के मुकाबले बहुत ही कम अनुभव है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

रकुल प्रीत सिंह ने बताया है कि वह अजय देवगन के साथ दोस्ती का रिश्ता क्यों नहीं रख सकती। बॉलीवुड एक बातचीत में रकुल प्रीत सिंह ने बताया 'मैं उनके साथ दोस्ती का रिश्ता नहीं रख सकती। मेरा उनका रिश्ता सम्मान वाला है। मेरे लिए वह अभी भी अजय देवगन हैं। वह सीनियर अभिनेता हैं और बहुत अच्छे इंसान हैं। मैं अजय देवगन को सम्मान के साथ संबोधित करती हूं।' अजय देवगन के साथ रकुल प्रीत सिंह दोस्त की तरह क्यों नहीं रह सकती, इस पर उन्होंने सफाई देते हुए कहा 'जो आपकी उम्र के या आपसे कम उम्र के एक्टर होते हैं, वह आपके दोस्त बन जाते हैं। अजय देवगन को मैं सर मानती हूं। मैं अपने आपको इंडस्ट्री में नई नहीं मानती, फिर भी मेरा उनसे कम अनुभव है।' अंशुल शर्मा के निर्देशन में बनी फिल्म 'दे दे प्यार दे 2' में रकुल प्रीत और अजय देवगन के अलावा आर माधवन, गौतमी कपूर, जावेद जाफरी, मीजान जाफरी और अर्जुन पांचाल जैसे कलाकार हैं। यह फिल्म सिनेमाघरों में 14 नवंबर को रिलीज हुई थी। इसमें बड़ी उम्र के पुरुष का छोटी उम्र की लड़की के साथ रोमांस दिखाया गया है। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने अब तक 51.10 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है।

## हॉलीवुड मसाला



# हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम स्टार से सम्मानित

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के फैंस के दिलों में दिवंगत चैडविक बोसमैन के लिए एक बेहद खास जगह है। पर्दे पर सुपरहीरो 'ब्लैक पैंथर' का रोल निभाने वाले चैडविक को 5 साल पहले 2020 में नासूर कैंसर ने हम सभी से छीन लिया। गुरुवार को चैडविक बोसमैन को 'हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम' स्टार देकर सम्मानित किया गया है। इस मौके पर उनकी विधवा सिमोन लेडवर्ड-बोसमैन मौजूद रहीं। दिवंगत पति को मिले सम्मान को पाकर जहां सिमोन के चेहरे पर एक हंसी थी, वहीं आंखों में नमी और दिल की गहराई में दुख का सैलाब भी था। 'हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम' के स्टार सेरेमनी में सिमोन लेडवर्ड-बोसमैन के साथ ही 'ब्लैक पैंथर' फिल्म के डायरेक्टर रयान कूगलर और एक्टर वियोला डेविस भी मौजूद थीं।



# मिस यूनिवर्स के स्टेज पर मुंह के बल गिरी मिस जमैका

**नई दिल्ली।** मिस यूनिवर्स 2025 के इवेंट के दौरान एक बड़ा हादसा हो गया। थाईलैंड में मिस यूनिवर्स 2025 की प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस हादसे में मिस जमैका को बुरी तरह से चोट लग गई है। ये हादसा फिनाले से सिर्फ दो दिन पहले 19 नवंबर को हुआ था, जिसका वीडियो अब खूब वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में मिस जमैका ऑरेंज कलर की बेहद खूबसूरत इवनिंग गाउन में हाई हील्स पहनकर वॉक करती नजर आ रही हैं। वो बहुत ही खूबसूरत लग रही हैं और बहुत आराम से वॉक कर रही हैं। मगर अचानक से चलते हुए वो स्टेज के किनारे पर पहुंच जाती हैं और बुरी तरह से नीचे गिर जाती हैं। मिस जमैका 28 साल की गैब्रिएल हैं। जिनका वीडियो देखकर हर कोई चौंक रहा है। गैब्रिएल का सिर्फ एक स्टेप मिस हो जाता है और वो गिर जाती हैं। इस वीडियो में दिखाया गया है कि इस घटना के बाद उन्हें तुरंत स्ट्रेचर पर स्टेज से ले जाते हैं। जो भी इस वीडियो को देख रहा है वो कमेंट करके मिस जमैका की तबीयत के बारे में पूछ रहा है। हर किसी को चिंता हो रही है कि उन्हें कहीं ज्यादा तो नहीं लग गई है। मिस यूनिवर्स जमैका ऑर्गनाइजेशन ने 19 नवंबर को इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर करके इस हादसे के बारे में बताया है।



# बतौर निर्देशक नए जॉनर में हाथ आजमाने को तैयार

**मुंबई।** कोंकणा सेन शर्मा ने न सिर्फ एक अभिनेत्री बल्कि एक डायरेक्टर के तौर पर भी अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने साल 2016 में आई फिल्म 'डेथ इन द गंज' का निर्देशन किया। वह 'लस्ट स्टोरीज 2' की सह-निर्देशक रहीं। अब एक्ट्रेस-डायरेक्टर ने अपने अगले डायरेक्टोरियल प्रोजेक्ट के बारे में अपडेट दी है। अपने अगले प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी देते हुए कोंकणा सेन शर्मा ने बताया 'यह एक कॉमेडी शो है, जिसे मैं अपने कॉलेज के दोस्त जयदीप सरकार के साथ लिख रही हूं और इसका निर्देशन कर रही हूं। मैं इसे लेकर थोड़ी घबराई हुई हूं, लेकिन इसके साथ हमें मजा आने वाला है।' कई कलाकार अपने निर्देशन में बन रहे शो में काम करते हैं। ऐसे में कोंकणा सेन शर्मा से पूछा गया कि क्या वह अपने निर्देशन में बन रहे शो में काम करेंगी? इस पर उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि मैं इसमें बतौर अभिनेत्री काम करूंगी।



# युद्ध नहीं, कुर्बानी दिखाती है 120 बहादुर

**मुंबई।** फरहान अख्तर की फिल्म '120 बहादुर' का दर्शकों को काफी इंतजार था। यह फिल्म 21 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म सच्ची घटना पर आधारित है। कई दर्शकों ने फिल्म को देखकर इस पर प्रतिक्रिया दी है। आइए जानते हैं दर्शकों को यह फिल्म कैसी लगी है? एक यूजर ने '120 बहादुर' और फरहान अख्तर की तारीफ की है। उन्होंने लिखा है 'क्या हम फरहान अख्तर की स्क्रीन प्रेजेंस के बारे में बात कर सकते हैं? हर फ्रेम, हर डायलॉग और हर झलक बहुत अच्छी है। इस फिल्म को सिर्फ उनके लिए देखा जाना चाहिए।' एक यूजर ने फिल्म की तारीफ की है। उन्होंने लिखा है '120 बहादुर फिल्म देखी। बिना हवा के सपोर्ट के 118 जवान -30 डिग्री में आखिरी सांस और आखिरी गोली तक लड़े। यह फिल्म युद्ध नहीं कुर्बानी दिखाती है।

## टीवी मसाला



# बिग बॉस के घर में आते ही तान्या के भाई ने किए कई खुलासे

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 19' के फैमिली वीक में इस बार घर का माहौल तब और दिलचस्प हो गया जब तान्या मित्तल के भाई अमृतेश मित्तल शो में पहुंचे। जैसे ही वो घर में दाखिल हुए, तान्या भावुक हो गईं और उन्हें देखकर पहले पैर छुए फिर गले लगाया। लेकिन, असली कहानी तब शुरू हुई जब एक-एक कर घरवाले उनके सामने तान्या द्वारा शो के दौरान किए गए दावों को लेकर सवाल लेकर पहुंचने लगे। मेकर्स ने प्रोमो में दिखाया कि कैसे तान्या के भाई हर सवाल का जवाब शांत तरीके से दे रहे हैं और बहन के बचाव में साफ-साफ अपना पक्ष रखते दिख रहे हैं। शो के मेकर्स द्वारा अब तक कई प्रोमोज साझा किए गए हैं, जिनमें तान्या के भाई एक-एक सारे मुद्दों पर सफाई देते हुए नजर आ रहे हैं। 'बिग बॉस' के लाइव से वायरल हुए वीडियो में प्रणित किचन में लिफ्ट के दावे पर तान्या के भाई से सवाल पूछते हैं। इस पर तान्या के भाई कहते हैं कि हमारे ग्वालियर में ऊंची ऊंची बिल्डिंग्स नहीं हैं। ऐसे में बुजुर्गों के लिए घर में लिफ्ट बहुत आम तौर पर घरों में लगवाई जाती है। हमारे सारे रिश्तेदारों के घरों में ही ऐसा किया जाता है। इस दौरान साथ बैठीं तान्या भी यही बात दोहराते हुए नजर आती हैं। इसके बाद बातचीत फैक्ट्री वाले बयान पर पहुंची, जिसे लेकर भी घर में कई दिनों से सवाल उठते रहे थे। इस पर तान्या के भाई ने सरल शब्दों में समझाया कि उनके पिता का बिजनेस क्या है और कैसे लोग बिना पूरी जानकारी के बातें बना लेते हैं।

## मेरे दिल में एक डर बना हुआ है :दीपिका

**नई दिल्ली।** टीवी अभिनेत्री दीपिका कक्कड़ ने हाल ही में अपने यूट्यूब चैनल पर बहुत भावुक होकर बताया कि उन्हें लिवर कैंसर हो गया है। अभी उनकी सभी मेडिकल रिपोर्ट्स नॉर्मल आ रही हैं, लेकिन फिर भी वे हर दिन डर, चिंता और शारीरिक परेशानियों से गुजर रही हैं।



दीपिका ने कहा, 'कभी-कभी मैं बहुत खुश और उम्मीद से भरी रहती हूं, तो कभी अचानक डर लगने लगता है। मेरा दिल इतना कुछ सह नहीं पाता।' दीपिका ने बताया कि हर दिन कुछ नई समस्या आती हैं। कभी थायरॉइड बढ़ता-घटता है तो कभी हार्मोनल बदलाव होते हैं, त्वचा बहुत रूखी हो गई है, हाथ फट रहे हैं, कान-गले में दबाव और नाक में सूखापन रहता है। अपने पति शोएब इब्राहिम के साथ रिकॉर्ड किए इस वीडियो में दीपिका ने आगे कहा, 'यह सफर बहुत थकाऊ है, लेकिन हमें हार नहीं माननी है। हमारे पास सिर्फ दो रास्ते हैं। पहला या तो डर के साथ बैठ जाएं और दूसरा डर के साथ ही आगे बढ़ते रहें। मैं आगे बढ़ना चाहती हूं।' दीपिका ने इस वीडियो में उन सभी लोगों से कहा, जो कैंसर जैसी बीमारी से लड़ रहे हैं, 'हिम्मत मत हारो, खुद को बार-बार समझाओ कि सब ठीक हो जाएगा और अल्लाह पर पूरा भरोसा रखो।'

# इस एक्ट्रेस को प्रॉस्टिट्यूशन के लिए किया था मजबूर ठेले पर श्मशान घाट पहुंची थी उनकी लाश

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड स्टार्स की लाइफ जितनी आसान और लग्जरी दिखती है वैसी होती नहीं है। उन्हें काफी उतार-चढ़ाव देखने पड़ते हैं। अब हम आपको एक ऐसी एक्ट्रेस के बारे में बताने वाले हैं जिन्होंने पहले काफी सक्सेस एंजॉय की, लेकिन फिर एक वक्त ऐसा आया कि उन्होंने मनी और फेम सब गवा दिया। विमी को म्यूजिक डायरेक्टर रवि ने डिस्कवल किया और उस वक्त वह पहले से शादीशुदा थीं। दोनों के 2 बच्चे भी थे। एक बेटा और एक बेटी। विमी के पति ने उनका पूरा सपोर्ट किया और दोनों मुंबई शिफ्ट हो गए ,जहां विमी ने सुनील दत्त की फिल्म हमराज से डेब्यू किया था। दोनों ने साथ में आबू, पतंगा, गुड्डी समेत कई फिल्मों में साथ काम किया था। 1977 में विमी का लिवर की बीमारी की वजह से निधन हो गया। ऐसा कहा जाता है कि उनके निधन के वक्त कोई भी उनका अपना नहीं था और श्मशान घाट उन्हें ठेले पर लेकर गए।



### प्रेमी ने किया गलत इस्तेमाल

ऐसा कहा जाता है कि विमी को फिर एक फिल्म ब्रोकर से प्यार हो गया है था, लेकिन उसने विमी का गलत इस्तेमाल किया और उन्हें प्रॉस्टिट्यूशनके लिए मजबूर किया। उस टॉक्सिक रिलेशन से बाहर आने के बाद विमी ने फिर टेक्सटाइल बिजनेस शुरू किया। बिजनेस भी जब फेल हो गया तो विमी को अपना सारा सामान बेचना पड़ा और घर भी।

### लग्जरी लाइफ के बाद आया भूचाल

एक पॉइंट पर विमी का बड़ा घर था, लग्जरी गाड़ियां थी। उन्हें बॉलीवुड की सबसे खूबसूरत एक्ट्रेसेस में से एक माना जाता था। इतना ही नहीं, वह उस समय की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली एक्ट्रेसेस में से एक भी थीं। हालांकि विमी की ये शोहरत ज्यादा लंबी नहीं चली। रिपोर्ट्स के मुताबिक उनकी फिल्में फ्लॉप होने लगी और बात यहां तक आ गई कि वह सिर्फ मैगजीन के लिए फोटोशूट तक करती थीं।

### पर्सनल लाइफ में आया बड़ा बदलाव

ना सिर्फ प्रोफेशनल, बल्कि पर्सनल लाइफ में भी उनकी लाइफ में बड़ा तूफान आया। विमी अपने पति से अलग हो गई थीं। रिपोर्ट्स के मुताबिक विमी के निधन के बाद जारी एक श्रद्धांजलि लेख में यह भी बताया गया कि एक्ट्रेस घरेलू हिंसा का शिकार होती थीं।

# 'दो दीवाने सहर में' का फर्स्ट लुक जारी

**मुंबई।** संजय लीला भंसाली के प्रोडक्शंस के तहत बन रही फिल्म 'दो दीवाने सहर में' का पहला लुक सामने आया है। निर्माताओं ने सिद्धांत चतुर्वेदी और मृणाल ठाकुर की अदाकारी वाली इस फिल्म की रिलीज की तारीख का भी ऐलान किया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फर्स्ट लुक जारी करते हुए निर्माताओं ने लिखा 'दो दिल एक सहर, एक अपूर्ण रूप से पूर्ण प्रेम कहानी। इस वैलेंटाइन डे पर इश्क से इश्क हो जाएगा। दो दीवाने सहर में 20 फरवरी 2026 को रिलीज होगी।' जारी किए गए फर्स्ट लुक में सबसे पहले पानी में पड़ा पत्ता नजर आता है। इसके बाद दो चाय के साथ दो हाथ नजर आते हैं। फिर फूलों पर मंडराती तितलियां नजर आती हैं। इसके बाद पहाड़ों का दृश्य दिखता है।




### कई सेलेब्स ने किया लाइक

मेट्रो में एक व्यक्ति सफर करता नजर आता है। फिर पुल के पास बैठा एक जोड़ा नजर आता है। इसके बाद एक जोड़ा पानी में भीगता है। फिल्म के फर्स्ट लुक को कई सेलेब्स ने लाइक किया है और इस पर कमेंट किए हैं। अभिनेत्री संदीपा धर ने पोस्ट पर दिल वाला इमेज कमेंट किया है। फिल्म निर्देशक जोया अख्तर ने लिखा है 'सिड, मृणाल।' एक और यूजर ने लिखा है 'मुझे टाइटल पसंद आया। इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है।'

## अजय की भोला से लेकर ऋतिक की विक्रम वेधा तक

# साउथ की ये रीमेक फिल्में बॉलीवुड में रहीं फ्लॉप

एजेंसी ⏭ मुंबई

बॉलीवुड में अक्सर साउथ की फिल्मों के रीमेक बनते हैं। कई बार यह फिल्में इतनी कामयाब हो जाती हैं कि कमाई के मामले में ये ओरिजिनल फिल्म को पीछे छोड़ देती हैं। आज हम उन बॉलीवुड फिल्मों की बात करेंगे जो साउथ की कामयाब फिल्मों की रीमेक हैं। हालांकि, ये फिल्में बॉलीवुड में फ्लॉप रहीं।

### शहजादा

कार्तिक आर्यन और कृति सेनन स्टारर फिल्म 'शहजादा' (2023) में रिलीज हुई थी। यह फिल्म तेलुगु ब्लॉकबस्टर 'अला वैकुंठपुरमुलु' (अल्लू अर्जुन वाली) पर आधारित थी। यह फिल्म उस तरह से नहीं चल पाई जैसे इसने साउथ में परफॉर्म किया था। दर्शकों को तेलुगु मूवी में अल्लू अर्जुन का अभिनय और म्यूजिक पसंद आया, लेकिन 'शहजादा' को दर्शकों ने नकार दिया।



### विक्रम वेधा

'विक्रम वेधा' (2022) में ऋतिक रोशन और सैफ अली खान लीड रोल में थे। यह फिल्म 2017 की तमिल फिल्म 'विक्रम वेधा' का रीमेक थी। दोनों फिल्मों के निर्देशक एक ही थे। जहां साउथ में यह फिल्म अच्छी चली, वहीं बॉलीवुड में यह फ्लॉप रही। बताया जाता है कि रीमेक में असली फिल्म जैसी ओरिजनलिटी नहीं थी।

### भोला

दावा किया जा रहा था कि अजय देवगन की अदाकारी वाली फिल्म 'भोला' (2023), हिट साबित होगी। हालांकि, लोकेश कनगराज की तमिल फिल्म 'कैथी' से प्रेरित इस फिल्म को दर्शकों ने नकार दिया। भोला को वाइल्ड एक्शन फिल्म बताया गया था। जानकारों के मुताबिक इसमें स्टंट अच्छे थे, लेकिन असली सस्पेंस की कमी थी।



### देवा

शाहिद कपूर की अदाकारी वाली फिल्म 'देवा' 31 जनवरी, 2025 को रिलीज हुई थी। यह फिल्म मलयालम फिल्म 'मुंबई पुलिस' की रीमेक थी। बॉलीवुड में यह फिल्म फ्लॉप रही। देवा देखने में मजेदार थी, लेकिन स्क्रीनप्ले मजबूत नहीं था। फिल्ममेकर ने इसके आखिरी सीन को बदल दिया, जबकि दर्शक इसकी तुलना ओरिजिनल फिल्म से करते रहे।

### लवयापा

जुनैद खान और खुशी कपूर स्टारर 'लवयापा' 2022 की तमिल फिल्म 'लव टुडे' का हिंदी रीमेक थी। इसमें प्यार और भरोसे की थीम कुछ-कुछ तमिल फिल्म जैसी ही थी। 'लवयापा' बहुत यंग और ट्रेंडी लगी। क्रिटिक्स और ऑडियंस को यह ठीक-ठाक लगी। हालांकि, फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही।

## खबर संक्षेप

### चार श्रम संहिताओं को लागू करना गलत

**भिवानी।** केंद्र सरकार द्वारा देश की चार श्रम संहिताओं (लेबर कोड्स) को अचानक लागू किए जाने से देश भर के मज़दूरों के भविष्य पर चिंता के बादल छा गए हैं। युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव अधिवक्ता विकास कुमार ने इस कदम को श्रमिकों के संवैधानिक अधिकारों पर सीधा प्रहार बताते हुए इसकी तुलना पहले थोपे गए काले कृषि कानूनों से की है। उन्होंने कहा कि संहिताएं बिना आवश्यक ढांचे (नियम, प्रवर्तन अधिकारी, ट्रिब्यूनल) के लागू की गई हैं, जो पूरी प्रक्रिया को श्रमिकों के अधिकारों को कुचलने वाला बना सकती हैं।

### पुलिस ने भगोड़े आरोपी को किया गिरफ्तार

**लोहारू।** लोहारू पुलिस ने ऑपरेशन ट्रैक डाउन के तहत वांछित अपराधियों की धर पकड़ के तहत वर्ष 2019 से भगोड़ा कुलदीप नामक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए आरोपी के खिलाफ करीब 15 मुकदमे दर्ज बताए जाते हैं तथा यह आरोपी करीब सात साल से भगोड़ा था। थाना प्रभारी जरनैल सिंह ने बताया कि वर्ष 2019 से वांछित खरकड़ी गांव निवासी कुलदीप को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि चोरियां रोकने के लिए सर्दी का मौसम देखते हुए रात के समय में पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाई जाएगी।

### अवैध निर्माणों को नियमित करने के लिए बनाई नीति

**चरखी दादरी।** ग्रामीण निवासियों को राहत प्रदान करने और नियोजित विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए हरियाणा सरकार ने गांवों में अनाधिकृत निर्माणों के नियमितीकरण के लिए एक नीति शुरू की है। नियमितीकरण प्रक्रिया की अवधि 16 जनवरी, 2026 तक है। उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने धारा 5ए में संशोधन पर कहा कि अब ग्राम पंचायतों को राज्य सरकार की पूर्व स्वीकृति से गैर-कृषि योग्य शामलात देह भूमि को उन ग्रामीणों को बिक्री के माध्यम से हस्तांतरित करने का अधिकार देता है, जिन्होंने 31 मार्च 2004 को या उससे पहले मकान बनाए हैं।

### समस्या के समाधान की एटीआर अपडेट करें

**भिवानी।** डीसी साहिल गुप्ता ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविरों में समस्या का समाधान कर एटीआर स्पष्ट एवं पूर्ण रूप से अपडेट करें ताकि समस्या मुख्यालय स्तर की समीक्षा में रिओपन ना हो। उन्होंने कहा कि अधिकारी समस्याओं को गंभीरता से लेकर उनका समाधान करें। समाधान के नाम पर खानापूर्ति ना करें। डीसी गुप्ता शुक्रवार को समाधान शिविर समीक्षा बैठक के दौरान निर्देश दे रहे थे।

### चौ. छोटूराम की जयंती पर तोशाम में होगा हवन

**तोशाम।** दीनबंधु चौधरी छोटूराम मजदूर, किसान, छोटे व्यापारी और कमरे वर्ग के मसीहा थे, वे हमेशा उनके हितों की लड़ाई लड़ते रहे। उक्त शब्द युवा कल्याण संगठन के संरक्षक कमल सिंह प्रधान ने कहे। उन्होंने बताया कि 24 नवंबर को छोटूराम के 144वें जन्म दिवस पर तोशाम में हांसी रोड पर स्थित छोटूराम चौक पर हवन किया जाएगा। युवा कल्याण संगठन द्वारा खिलाड़ियों, स्वतंत्रता सेनानी, सामाजिक कार्यों में योगदान, विद्यार्थियों, किसान संगठनों को सम्मानित किया जाएगा।

### जल शक्ति अभियान की समीक्षा बैठक हुई

**भिवानी।** नीति आयोग की निगरानी एवं मूल्यांकन कार्यालय निदेशक तथा जल शक्ति अभियान की सेंटर नोडल अधिकारी डॉ. रचना तंवर की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में जल शक्ति अभियान की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पानी का संकट होगा तो वह किसी एक के नहीं बल्कि सभी के लिए होगा। ऐसे में सभी विभाग जल संरक्षण पर मिलकर कार्य करें। जल शक्ति अभियान के तहत किए जाने वाले कार्यों को पोर्टल पर अपडेट करें।

## चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय भिवानी में सातवां युवा महोत्सव

# युवा महोत्सव से आत्मनिर्भरता उद्यमिता व स्वदेशी का शंखनाद

विधायक कपूर बाल्मीकि ने रिबन काटकर युवा महोत्सव का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय भिवानी में सातवां युवा महोत्सव "उत्कर्ष–2025 का शानदार आगाज हुआ। यह उत्सव 21 से 23 नवम्बर तक आयोजित होगा। तीन दिवसीय इस भव्य युवा महोत्सव में विभिन्न विभागों के विद्यार्थी उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी सृजनात्मकता, कौशल एवं सांस्कृतिक विविधता का सुंदर प्रदर्शन करेंगे। शुभारंभ अवसर पर बवानीखेड़ा के विधायक कपूर बाल्मीकि ने मुख्यअतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर भारत के लिए अपनी भूमिका के लिए प्रेरित किया और चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय को इसमें उनकी भूमिका के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि वो विश्विद्यालय में छात्रों के हितों के लिए हर सुविधा को सुनिश्चित करेंगे।

उन्होंने विद्यार्थियों से स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग को अपनाने का विशेष आह्वान किया तथा कहा कि स्वदेशी का अधिकतम उपयोग ही विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायक होगा। इस महोत्सव में अध्यक्षता कर रही चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय की कुलगुरु प्रो. दीप्ति धर्माणी ने कहा कि भारत के हर घर से अब उधमी निकलें और हमारा विश्वविद्यालय इसके लिए विद्यार्थियों को हर प्रशिक्षण और प्लेटफॉर्म देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वदेशी को अपने जीवन में अपनाने की शपथ दिलाई और साथ ही सभी विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने का दृढ़ आग्रह किया, जिससे वे एक स्वस्थ, अनुशासित एवं उद्देश्यपूर्ण जीवन जी सकें। उन्होंने कहा युवा अपने कौशल से अपनी रचनात्मकता व नवाचार से देश को विकसित भारत की राह पर ले जाएंगे। हमारे विश्विद्यालय के युवा नशा के खिलाफ युवाओं को जागरूक करेंगे। नवाचार के लिए हमारा युवा विश्व का नेतृत्व करेगा। उन्होंने युवाओं से विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को पूरा करने के लिए स्वदेशी को अपनाने का आह्वान किया।



भिवानी। प्रदर्शनी का अवलोकन करते विधायक कपूर सिंह बाल्मीकि। फोटो : हरिभूमि

**युवा उत्सव 23 नवम्बर तक आयोजित होगा। नृत्य व संगीत की 5 विधाओं के साथ 40 कार्यक्रम प्रस्तुत होंगे**

### स्वदेशी मेले का किया उद्घाटन

नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा, नई दिल्ली के निदेशक दिनेश खन्ना इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों और विश्वविद्यालय को उनके रचनात्मकता और उद्यमिता के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दी और स्वदेशी अपनाने के लिए सभी से आह्वान किया। महोत्सव का विशेष आकर्षण स्वदेशी मेला रहा, जिसमें पारंपरिक कलाओं, हस्तशिल्प, स्थानीय उत्पादों एवं संस्कृति का मनमोहक प्रदर्शन किया गया, जो आत्मनिर्भरता एवं सांस्कृतिक विरासत को प्रोत्साहित करता ह। कुलगुरू प्रो. दीप्ति धर्माणी और विधायक कपूर बाल्मीकि द्वारा स्वदेशी मेले का उद्घाटन किया गया।

### 30 कॉलेजों के 700 विद्यार्थी लेंगे भाग

स्वागत भाषण युवा महोत्सव के संयोजक एवं डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. सुरेश कुमार मलिक ने दिया एवं कार्यक्रम की रूपरेखा युवा महोत्सव के कार्यक्रम की सचिव एवं डीवाईडब्ल्यू की डायरेक्टर डॉ. सोनल शेखावत ने प्रस्तुत। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में 30 महाविद्यालयों से 700 विद्यार्थियों ने भाग लिया है। इसमें नृत्य संगीत की 5 विधाओं के साथ कुल 40 कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

# निबंध लेखन में टीआईटी स्कूल व श्लोकोच्चारण में डीएवी स्कूल प्रथम

- श्रीमद्भागवत गीता ने हमें कर्मयोग का दिया संदेश : डॉ. निर्मल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



हरियाणा शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के अन्तर्गत जिला स्तरीय गीता महोत्सव प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. निर्मल दहिया रहीं। नोडल अधिकारी प्रवक्ता जितेंद्र शास्त्री थे। प्राचार्य रीमा परमार, सीमा काठपालिया, पवन शास्त्री, महेश कुमार, भुवनेश मुदगिल व कार्यकारी प्राचार्य राकेश रोहिल्ला के निर्देशन में ये विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिला संयोजक जितेंद्र व कार्यकारी प्राचार्य राकेश रोहिल्ला ने बताया कि कनिष्ठ व वरिष्ठ वर्ग में विभिन्न खंडों के 400 के लगभग छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के कनिष्ठ वर्ग में वैश्य मॉडल स्कूल की टीम हिमांक, यशु, अनुष्का प्रथम, राजकीय मॉडल स्कूल खावा की टीम द्वितीय व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की टीम तृतीय स्थान पर रही। श्लोकोच्चारण में डीएवी स्कूल प्रथम, केएम पब्लिक स्कूल द्वितीय, हलवासिया विद्या विहार तृतीय स्थान पर रही। निबंध लेखन में टीआईटी वमा विद्यालय प्रथम, श्रीमती उत्तमीबाई आर्य कन्या वमा विद्यालय द्वितीय व राजकीय कन्या वमा विद्यालय, बलियाली तृतीय स्थान पर रहे।

### दीपिका ने लगाई सबसे लंबी छलांग

**भिवानी।** शहीद गजेन्द्र सिंह राजकीय महिला महाविद्यालय, खरक में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने जबरदस्त दमखम दिखाया। प्रतियोगिता में सबसे ज्यादा स्पर्धाएं जीतकर प्रतिभागी दीपिका अव्वल रही। दीपिका ने सौ मीटर, चार सौ मीटर दौड़ स्पर्धा तथा लंबी कूद में पहले स्थान पर रही। प्राचार्य डॉ. त्रिलोकचंद के कुशल निर्देशन में महाराणा प्रताप खेल स्टेडियम, खरक में उत्साहपूर्वक आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ भूतपूर्व जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी डॉ. दलबीर सिंह गोदारा ने किया। 100 मीटर दौड़ में दीपिका प्रथम रहीं, जबकि अंजलि और चाँदनी क्रमशः द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहीं। 200 मीटर दौड़ में शालू ने प्रथम, अंजलि ने द्वितीय और भावना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ में एक बार फिर दीपिका प्रथम रहीं, जबकि अंजलि द्वितीय और शालू तृतीय स्थान पर रहीं। थ्री-लेग रेस में शालू एवं नैना की जोड़ी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि मीनाक्षी एवं तनु द्वितीय तथा मोनिया एवं अंजू तृतीय रहीं। कार्यक्रम का मंच संचालन पूनम जोगपाल एवं अमित कुमार ने सफलतापूर्वक किया।



भिवानी। प्रतिभागी को सम्मानित करते हुए।

### श्लोकोच्चारण में मॉडल संस्कृति स्कूल बाढ़ड़ा प्रथम

**बाढ़ड़ा।** शुक्रवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बेरला में खंड स्तरीय अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन किया। मुख्यातिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी जलकरण पहुंचे। विशिष्ट अतिथि मॉडल संस्कृति स्कूल बाढ़ड़ा के प्राचार्य योगेश सांगवान रहे। खंड नोडल अधिकारी हरिकिशन राणा भी उपस्थित रहे। कक्षा ६ से ८ में निबंध लेखन में प्रथम राजकीय मॉडल संस्कृति वमा विद्यालय बाढ़ड़ा, द्वितीय राजकीय उच्च विद्यालय लाड , तीसरा स्थान राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चांदवास रहा तथा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चांदवास को सांत्वना पुरस्कार दिया। वहीं भाषण में राजकीय वमा विद्यालय हडौदी ने प्रथम व दूसरा, राजकीय कन्या वमा विद्यालय बाढ़ड़ा को तीसरा स्थान मिला। श्लोकोच्चारण में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हडौदी को प्रथम, राजकीय माध्यमिक विद्यालय ऊण को दूसरा स्थान मिला। वहीं राजकीय मॉडल संस्कृति वमा विद्यालय बाढ़ड़ा को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ।



बाढड़ा। खंड स्तरीय अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के विजेताओं को सम्मानित करते मुख्यातिथि। फोटो : हरिभूमि

# पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह की सद्भाव यात्रा का तोशाम क्षेत्र में हुआ भव्य स्वागत

- सामाजिक एकता व लोकतांत्रिक मूल्यों का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तोशाम

कांग्रेस नेता एवं पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह के नेतृत्व में निकाली जा रही सद्भाव यात्रा शुक्रवार को अपने 48वें दिन तोशाम विधानसभा क्षेत्र में पहुंची, जहां स्थानीय नागरिकों ने यात्रा का जोरदार स्वागत किया।

यात्रा का गांव जवारी में कांग्रेस के अति पिछड़ा वर्ग के वरिष्ठ नेता जगदीश जांगड़ा ने अपने निवास स्थान पर कार्यक्रम आयोजित कर भव्य स्वागत किया। इस दौरान जगदीश जांगड़ा ने बृजेंद्र सिंह को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान यात्रा ने समाज में भाईचारा, एकता, सद्भाव, लोकतांत्रिक मूल्यों और समन्वय की ताकत को मजबूती से स्थापित किया, जिससे ग्रामीणों, युवाओं और महिलाओं में विशेष रूप से सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ।

यह यात्रा शुक्रवार को तोशाम क्षेत्र के गांव छपार के चौक से प्रारंभ होकर गांव सरल, खरकड़ी, झावरी, तोशाम अनाज मंडी, सुरेंद्र सिंह चौक, मुख्य बाजार होते हुए तोशाम के लोक निर्माण विश्राम गृह से छोटूराम चौक पहुंची। यात्रा का रात्रि विश्राम पंचायत घर तोशाम में रहा।



तोशाम। कस्बे में सदभावना यात्रा निकालते हुए पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह।

## श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं में छिपे आध्यात्मिक रहस्य

# श्रीकृष्ण ने यशोदा मईया को करवाए ब्रह्मांड के दर्शन : जयंती

*दिनोद गेट स्थित खाकी बाबा मंदिर में श्रीकृष्ण कथामृत का तीसरा दिन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

दिनोद गेट स्थित खाकी बाबा मंदिर में पांच दिवसीय श्रीकृष्ण कथामृत के तीसरे दिन वातावरण भक्ति एवं आध्यात्मिकता से ओत-प्रोत रहा। इस दौरान आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी जयंती भारती ने अपनी मधुर वाणी से श्रद्धालुओं को भगवान श्रीकृष्ण की मनमोहक बाल लीलाओं के प्रसंगों का श्रवण करवाया। इस दौरान यजमान परिवार के तौर पर वेदप्रकाश चुघ पहुंचे। कथा के तीसरे दिन साध्वी जयंती भारती ने विशेष रूप से श्रीकृष्ण के बचपन की लीलाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने अपने बाल स्वरूप में अनेक अद्भुत लीलाएं की, जो केवल मनोरंजन के लिए नहीं थी, बल्कि उनके पीछे गहन आध्यात्मिक रहस्य और जीवन प्रबंधन के सूत्र छिपे थे। कथावाचिका ने माखन चोरी, पूतना वध, यशोदा मैया को मुख में ब्रह्मांड के दर्शन और गोवर्धन लीला जैसे प्रमुख प्रसंगों का अत्यंत सजीव और भावपूर्ण वर्णन किया।



भिवानी। श्रीकृष्ण कथामृत में शामिल श्रद्धालु।

### युवाओं को जिम्मेदार नागरिक बनाती है गीता

**भिवानी।** अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव पर छोटी काशी भिवानी में युवा जागृति एवं जनकल्याण मिशन ट्रस्ट के तत्वावधान में 21 दिवसीय गीता पाठ, सत्संग एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। ये आध्यात्मिक अनुष्ठान गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज के दिव्य सान्निध्य एवं मार्गदर्शन में तथा बालयोगी महंत चरणदास महाराज के कुशल नेतृत्व में हो रहा है, जिसका लक्ष्य युवा मन में संस्कृति और संस्कारों के बीज बोना है। इसी कड़ी में हनुमान ढ़ाणी स्थित हनुमान जोहड़ी मंदिर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। बालयोगी महंत चरणदास महाराज ने उपस्थित युवाओं को श्रीमद्भवत गीता भेंट की। उन्होंने युवाओं को गीताजी के उपदेशों को केवल पढ़ने नहीं, बल्कि उन्हें अपने जीवन में आत्मसात करने का भावपूर्ण आह्वान किया। युवाओं को गीताजी भेंट करते हुए महंत चरणदास ने कहा कि युवा पीढ़ी में संस्कृति एवं संस्कारों का समावेश करने के लिए उन्हें गीताजी के उपदेशों से अवगत करवाना जरूरी है।

## न्यूज डायरी



### विशेष बच्चों ने गीतों से मन मोहा

**भिवानी।** विश्व बाल दिवस के उपलक्ष्य में हामरा अपना फाउंडेशन के सहयोग से आदर्श पुनर्वास स्कूल, लोहारू रोड, भिवानी में विशेष बच्चों के साथ मनाया गया। इस अवसर पर हरियाणा एससी/एसटी आयोग के वाइस चेयरमैन विजेंद्र बडगुजर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि वर्धमान ज्वेलर्स के मैनेजिंग डायरेक्टर और हामरा अपना फाउंडेशन के संस्थापक सचिन जैन ने अध्यक्षता की। आदर्श ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट की निदेशक डॉ. सरिता श्योराण और हामरा अपना फाउंडेशन के सीईओ एस.के. सिंह भी उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों का स्वागत फूलों की वर्षा और मां सरस्वती की वंदना से हुई, जिसके बाद दीप प्रज्वलन किया गया। विशेष बच्चों ने अपने गीतों और नृत्यों से मन मोह लिया।



### शहीदी दिवस की तैयारियों की समीक्षा की

**चरखी दादरी।** उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल की अध्यक्षता में श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सभी पार्टियों के साथ साथ धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। श्रीगुरु तेग बहादुर के शहीदी दिवस पर कुरुक्षेत्र में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में जिले से भी हजारों लोगों का जत्था जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि ये कार्यक्रम जन जन का कार्यक्रम है। यह कार्यक्रम न केवल एक धार्मिक आयोजन है बल्कि राष्ट्रीय एकता और बलिदान की भावना को भी प्रदर्शित करता है। जिला से 25 नवम्बर को कुरुक्षेत्र में होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम में हजारों की संख्या में संगत गुरु तेग बहादुर सिंह के 350 वे शहीदी कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। जिला से सभी लोग इस कार्यक्रम में सक्रियता से भाग लें।



### कुरुक्षेत्र में होगा शहीदी दिवस पर कार्यक्रम : डीसी

**भिवानी।** डीसी साहिल गुप्ता ने कहा कि गुरु तेग बहादुर सिंह के 350 वें बलिदान दिवस पर कुरुक्षेत्र में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्य अतिथि होंगे। गुरु तेग बहादुर सिंह का बलिदान दिवस मानव जाति के लिए प्रेरणा का स्रोत है। डीसी गुप्ता शुक्रवार को अपने कार्यालय में जिलाभर के गुरुद्वारा प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बैठक में अपना संदेश दे रहे थे। बैठक में भिवानी शहर के अलावा बवानीखेड़ा, बलियाली, चांग, जमालपुर, सिपर, रतेरा आदि गांवों में स्थित गुरुद्वारों से प्रतिनिधि शामिल हुए। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष विरेंद्र कौशिक भी मौजूद रहे।



### मानसिक तनाव से मुक्ति के सूत्र बताए

**भिवानी।** आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में तनाव एक आम समस्या बन गई है। इससे निपटने के लिए आज हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के परिसर में स्थित सर्वपल्ली राधाकृष्णन स्कूल के प्रांगण में दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा स्ट्रेस मैनेजमेंट एवं पर्सनेलिटी डेवलपमेंट विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य मानसिक तनाव से मुक्ति, सकारात्मक सोच का विकास तथा व्यक्तित्व निर्माण के व्यावहारिक सूत्र प्रदान करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता बोर्ड अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) पवन कुमार ने की। इस अवसर पर शिक्षा बोर्ड के उपाध्यक्ष सतीश शाहपुर, बोर्ड के अधिकारी/कर्मचारी तथा बोर्ड प्रांगण में स्थित सर्वपल्ली राधाकृष्णन स्कूल के अध्यापक, प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राएं भी उपस्थित रहे। दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के तत्वावधान में दिव्य गुरु आशुतोष महाराज के मार्गदर्शन में साध्वी जयंती भारती ने बताया कि आज की प्रतिस्पर्धी जीवनशैली में तनाव एक सामान्य स्थिति बन चुकी है, परंतु ध्यान, प्राणायाम, समय-प्रबंधन, सकारात्मकता एवं आत्म-जागरूकता जैसे सरल उपायों को अपनाकर व्यक्ति अपनी मानसिक स्थिति को संतुलित और सशक्त बना सकता है।



### सूक्ष्म शिक्षण व पाठ योजना का महत्व बताया

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के बी.के. शिक्षण महाविद्यालय "सूक्ष्म शिक्षण व पाठ योजना का कक्षा में महत्व" विषय पर एक उच्च स्तरीय विस्तार व्याख्यान का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षक-प्रशिक्षुओं में प्रभावी शिक्षण कौशल विकसित करना और शैक्षणिक गुणवत्ता को नई दिशा देना रहा। वर्तमान शिक्षा में सूक्ष्म शिक्षण व पाठ योजना का अध्यापक के जीवन में महत्व और प्रभावी पाठ योजना का बच्चों पर क्या प्रभाव होता है आदि पर गहनता से भावी शिक्षकों को अवगत कराया गया। तथा अध्यापक नई नई तकनीक की सहायता से किस प्रकार पाठ योजना को और अधिक प्रभावशाली बना सकते हैं कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. राजीव, प्राचार्य, के.एम. शिक्षण महाविद्यालय, भिवानी रहे, जिन्होंने प्रभावी पाठ योजना, शिक्षण विधियों तथा कक्षा प्रबंधन पर गहन, व्यावहारिक एवं प्रेरक मार्गदर्शन प्रदान किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रविन्द्र जी ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण पाठ योजना एक सक्षम शिक्षक के व्यक्तित्व निर्माण का आधार है। उन्होंने ऐसे कार्यक्रमों को शिक्षक-प्रशिक्षुओं के सर्वांगीण विकास हेतु आवश्यक बताया। डॉ. अंकित गोयल, डॉ. साक्षी, हर्ष, डॉ. शर्मिला, श्वेता भारद्वाज एवं सुश्री कपिला वशिष्ठ ने सक्रिय भागीदारी निभाई। नॉन-टीचिंग सदस्य मनीष शंकर, प्रमोद बंसल, प्रदीप कुमार एवं अशोक जाखड़ ने योगदान दिया। प्रबंधन प्रतिनिधि सुरेश जांगड़ा एवं जोगेन्द्र जांगड़ा ने अपनी उपस्थिति से गरिमा बढ़ाई।

### शहादत दिवस पर कॉलेज में हुई संगोष्ठी

**लोहारू।** चौधरी बंसीलाल राजकीय महाविद्यालय में 9वें सिख गुरू तेग बहादुर के 350वें शहादत दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में भिवानी के वैश्य महाविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सुरेंद्र कुमार दलाल ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. मुकेश कुमार चहल ने की। इतिहास विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. सुखबीर सिंह ने बताया कि सिखों के 9वें गुरू तेग बहादुर के 350वीं शहादत दिवस पर मुख्य वक्ता का स्वागत किया। संगोष्ठी में डॉ. दलाल ने सिक्ख गुरुओं के त्याग और शहादत की परम्पराओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सिक्खों के नौवें गुरु तेग बहादुर, जिन्होंने मुगल बादशाह औरंगजेब के अत्याचारों का विरोध किया और जबरन धर्मांतरण का विरोध किया। जब कश्मीरी पंडितों को जोर-जबरदस्ती से मुसलमान बनाया जा रहा था तो गुरु तेग बहादुर ने धार्मिक अत्याचारों का विरोध करते हुए क्रूर औरंगजेब के सामने अपना सिर धर्म के ऊपर न्योछावर कर दिया।